आकाशवाणी श्री विजयपुरम

24.08.2025 समय : 0705

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा –आज भारत रिफॉर्म, परफार्म और ट्रांसफार्म के मंत्र के साथ दुनिया को मंदी की दौर से उबारने की स्थिति में है।

2. सांसद बिष्णु पद रे ने संयुक्त विद्युत नियामक आयोग से द्वीपसमूह में प्रस्तावित बिजली दरों में बढ़ोतरी को स्थगित करने का अनुरोध किया है।

3. मुख्य सचिव ने कल चेन्नई में नव स्थापित सागरिका एम्पोरियम और पर्यटक–सह–सूचना केंद्र का उद्‌घाटन किया।

4. खेल महोत्सव मशाल रिले कल मायाबंदर क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण स्थानों से होकर गुज़री।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था है और जल्द ही वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। दिल्ली में एक निजी मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत मज़बूती के साथ दुनिया के लिए आशा की किरण बना हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि भारत में मुद्रास्फीति और ब्याज दरें कम हैं और साथ ही देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी मज़बूत है। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत रिफॉर्म, परफार्म और ट्रांसफार्म के मंत्र के साथ दुनिया को मंदी की दौर से उबारने की स्थिति में है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेड इन इंडिया सिक्स–जी पर कार्य जारी है। भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण इकाईयों की स्थापना पर श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक पहली मेड इन इंडिया चिप बाजार में आ जाएगी। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत के कई अभियान तैयार हैं और इस वर्ष भारत ने अंतरिक्ष डॉकिंग की क्षमता भी हासिल कर ली है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे भविष्य के अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि भारत अब गगनयान मिशन के माध्यम से अपने अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अनुभव इसमें सहायक सिद्ध होगा।

<><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने संयुक्त विद्युत नियामक आयोग से द्वीपसमूह में प्रस्तावित बिजली दरों में बढ़ोतरी को स्थगित करने का अनुरोध किया है। सांसद ने कहा कि जब तक केंद्रीय सब्सिडी तंत्र को अंतिम रूप नहीं दिया जाता और आपूर्ति की गुणवत्ता के मानक हासिल नहीं हो जाते, तब तक बिजली के दरों में बढ़ोत्तरी को स्थगित किया जाना चाहिए। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित जेईआरसी को लिखे अपने पत्र में सांसद ने कहा कि द्वीपसमूह में बिजली उत्पादन लगभग पूरी तरह से डीजल आधारित है, जिसके परिणामस्वरूप इसकी वास्तविक उत्पादन लागत राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि दरों में तत्काल बढ़ोतरी से घरों, छोटे व्यवसायों, पर्यटन संचालकों और मत्स्य पालन क्षेत्र पर वित्तीय दबाव बढ़ेगा।

<><><><><><>

सीनियर सेकेण्डरी स्कूल डिगलीपुर के सी आर सी में कल एक कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को महत्वपूर्ण कानूनी और सामाजिक मुद्दों जानकारी देना था। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुभाजीत बसु मुख्य अतिथि थे। श्री बसु ने उपस्थिति को संबोधित करते हुए यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण–पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को छेड़छाड़ और उत्पीड़न जैसी स्थितियों से निपटने के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूकता, साहस और समय पर रिपोर्ट करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने शिक्षकों से भी छात्रों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करने को कहा। उन्होंने एक सुरक्षित और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में अनुशासन, जिम्मेदार व्यवहार, कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

<><><><><><>

मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार, ने कल चेन्नई में उद्योग विभाग के नव स्थापित सागरिका एम्पोरियम और पर्यटक–सह–सूचना केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्य सचिव ने कहा कि उद्योग आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव और उद्योग सचिव डॉ. सत्येंद्र सिंह दुरसावत, के मार्गदर्शन में संचालित, यह प्रमुख सुविधा एक सांस्कृतिक प्रदर्शनी के साथ पर्यटकों के लिए स्वागत डेस्क के रूप में सहायक सिद्ध होगी। सागरिका एम्पोरियम और पर्यटक–सह–सूचना केंद्र, द्वीपसमूह की अपनी समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने, केंद्र शासित प्रदेश की प्रतिबद्धता को दर्शाने, जी आई टैग, ओ डी ओ पी उत्पादों को प्रदर्शित करने, स्थानीय शिल्प क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह केंद्र परंपरा को पर्यटन से जोड़ने, कारीगरों को सशक्त बनाने और द्वीपसमूह को एक दर्शनीय स्थल के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

<><><><><><>

खेल महोत्सव मशाल रिले समारोह के दूसरे दिन कल मायाबंदर क्षेत्र में मशाल ने करमाटांग–दस से अपनी यात्रा शुरू करते हुए क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण स्थानों से होकर गुज़री। मशाल को औपचारिक रूप से मायाबंदर जेट्टी भी ले जाया गया, जहाँ इसे तटरक्षक जहाज पर प्रदर्शित किया गया। पुलिस विभाग की पहल पर हेलीपैड जंक्शन के पास पुलिस कर्मियों द्वारा "नशीली दवाओं के दुरुपयोग" पर एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। रिले का समापन मायाबंदर शैक्षिक अंचल क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्कूल पलून में हुआ। आज डिगलीपुर क्षेत्र के परंगरा जंक्शन पर मशाल का औपचारिक हस्तांतरण होगा।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग ने शिक्षा विभाग के सहयोग से चल रहे राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के तहत कल साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में साइकिल चालकों ने भाग लिया। ओपन पुरुष वर्ग में बीस किलोमीटर, जबकि ओपन महिला वर्ग में दस किलोमीटर की दौड़ रखी गई। इस अवसर पर, खेल निदेशक विक्रम सिंह ने महिला ओपन स्पर्धा को हरी झंडी दिखाई और आई एन एस उत्क्रोश के एयर इलेक्ट्रिकल ऑफिसर लेफ्टिनेंट सचिन पाराशर ने पुरुष ओपन स्पर्धा को हरी झंडी दिखाई। खेल निदेशक ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपनी खेल यात्रा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया और क्षेत्र में साइकिलिंग को बढ़ावा देने के लिए नई पहल की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विभाग जल्द ही "खेलो इंडिया" कार्यक्रम के माध्यम से साइकिल चालकों के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र शुरू करेगा। यह नई सुविधा उच्च–गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण और अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित होगी। पुरुष वर्ग में आर. साकेत ने और महिला वर्ग में फेथ ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इस सिलसिले में आज और कल फुटबॉल, बास्केट बॉल और तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किए जा रहे हैं। विजेताओं को 29 अगस्त को होने वाले समापन समारोह में पुरस्कृत किए जाएंगे।

<><><><><><>

राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी की ओर से उद्योग विभाग में दत्तक ग्रहण पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय अभिमुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य दत्तक ग्रहण नियमों के विभिन्न चरणों में परामर्श, बाल कल्याण समितियों की भूमिका, राज्य–विशिष्ट मुद्दों, क्षमता निर्माण के लिए बच्चों की पहचान और समन्वय के माध्यम से दत्तक ग्रहण प्रणाली को सुदृढ़ बनाना था। कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, जिला बाल संरक्षण इकाइयों, बाल देखभाल संस्थानों, विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसियों और स्वास्थ्य निदेशालय के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मिशन वात्सल्य की नोडल अधिकारी रीता देवी ने मिशन वात्सल्य योजना के बारे में बताया। प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों ने गोद लेने की कानूनी प्रक्रियाओं और मनोसामाजिक पहलुओं पर जानकारी दी।

<><><><><><>